

**पुखरायां-उ.प्र.।** महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मिजोरम मुख्यमंत्री लालदुहोमा से मुलाकात करने के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. ममता, ब्र.कु. ललिता, ब्र.कु. कोमल, ब्र.कु. कल्पना एवं ब्र.कु. अनुराग।



**नई दिल्ली-हरि नगर।** माननीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर ब्रह्माकुमारीज़ सिक्योरिटी सर्विस विंग द्वारा हो रही सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए सिक्योरिटी सर्विस विंग की अध्यक्षा राजयोगिनी ब्र.कु. शुक्ला दीदी। साथ हैं ब्रह्माकुमारी बहनें।



**जयपुर-श्रीनिवास नगर(राज.)।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा,तकनीकी शिक्षा विभाग,उच्च शिक्षा विभाग,आयुर्वेद योग व प्राकृतिक चिकित्सा यूनानी सिद्धा एवं आयुष विभाग, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग राजस्थान सरकार से स्नेह मुलाकात कर ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए अजमेर क्षेत्र निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. शांता दीदी। साथ हैं ब्र.कु. रूपा एवं ब्र.कु. हेमा।



**ब्रह्मपुर-गिरि रोड(ओडिशा)।** ब्रह्माकुमारीज प्रभु उपहार रिट्रीट सेंटर पर आयोजित कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल आरसी श्रीकांत,वीएसएम,चीफ ऑफ स्टाफ, इर्स्टन कमांड युगल असीमा श्रीकांत, राजयोगिनी ब्र.कु. माला दीदी, ब्र.कु. शक्तिराज,माउंट आबू, आर्मी डिफेंस कॉलेज के सभी सदस्यों आदि की उपस्थिति रही।



**बोधगया-बिहार।** 20वें त्रिपिटक जाप समारोह के पश्चात् समूह चित्र में राजयोगिनी ब्र.कु. ऊषा दीदी,माउंट आबू, ब्र.कु. सुनीता, ब्र.कु. प्रतिमा तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें।



**दिल्ली-लोधी रोड।** भेल में आयोजित संगोष्ठी के पश्चात् प्रतिभागियों के साथ समूह चित्र में ब्र.कु. गिरिजा, ब्र.कु. विद्या एवं ब्र.कु. दीपिका।

# किसी को गलती रियलाइज़ कराने के लिए बस शांत रहें...



**राजयोगिनी ब्र.कु. ऊषा दीदी, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका**

जब कोई व्यक्ति बहुत गुस्से में होता है और उसके सामने अगर आप थोड़ा भी उस वक्त उसको अच्छी भावना से भी बोलने जाओ तो वो व्यक्ति क्योंकि इतना कमज़ोर है कि वो स्वीकार नहीं कर पाता है। और उस समय ऐसा होता है कि जैसे आग में घी डाल दिया तो आग और ही भभक जाती है। तो ऐसे भभकने के बजाय आप शांत रहो। फिर आप सोचते हैं कि वो रियलाइज़ कैसे करेगा! ज़रूर रियलाइज़ होगा उसको, थोड़ा वक्त दो, स्पेस दो। और इसीलिए जब आप शांत रहते हैं, आप कुछ नहीं कहते हैं उस वक्त, तो थोड़ी देर के बाद वो खुद रियलाइज़ करेगा। आप उसको शुभ भावना का दान ज़रूर दो। और बाबा को ये कहो कि ये आत्मा परवश है, इस आत्मा को शक्ति दो जो ये महसूस कर सके। क्योंकि कहीं ऐसा न हो इस आत्मा का ये संस्कार बहुत ज़्यादा तीव्र हो जाये और उसको ही जीवन में नुकसान हो। ऐसी शुभ भावना के वायब्रेशन्स हमें उसको देने हैं।

जब ऐसे वायब्रेशन्स आप उसको देते जाएंगे तो हर बार जब वो गुस्से में आता है, कुछ गलत बोलता है और आप चुप हो जाते हैं तो धीरे-धीरे उसको रियलाइज़ ज़रूर होता है अन्दर। अगर आप बोलने जायेंगे वो जस्टिफिकेशन अपना दे देगा, सिद्ध करने का प्रयत्न करेगा कि नहीं, मैं ही राइट हूँ। इसीलिए ऐसे वक्त पर चुप हो जाओ, शांत हो जाओ, उसके प्रति शुभ भावना, बहुत अच्छे वायब्रेशन्स उसके प्रति फैलाओ, तो जैसे ही उसको समय और स्पेस मिली वैसे-वैसे वो अन्दर में रियलाइज़ करता है। एक बार नहीं करेगा, दो बार नहीं करेगा लेकिन जब तीन-चार बार होगा फिर उसको रियलाइज़ होगा कि हर बार मैं बोलता हूँ और ये व्यक्ति शांत ही रहता है। तब व्यक्ति उस शांति वाले पीरियड में खुद रियलाइज़ करेगा और खुद रियलाइज़ करने के बाद वो आपके पास आयेगा ज़रूर। सॉरी भी करेगा और कहेगा कि मैं जानता हूँ कि मेरी गलती है लेकिन उस समय ये नहीं कि मौका देखकर उसको रियलाइज़ करा देना है, नहीं। परमात्मा हमेशा हमें मुरलियों में कहते हैं कि जब कोई आत्मा महसूस कर रही है तो उस समय उसकी विशेषता का रियलाइज़ेशन दो। आपके अन्दर जो है ना ये बात बहुत अच्छी है। ये चीज़ें बहुत अच्छी हैं लेकिन कभी-कभी क्या होता है पानी फिर जाता है इन सबके ऊपर। तो ये सारी अच्छी क्वालिटीज़ जो है वो ढक जाती हैं। इसीलिए हम तो हमेशा आपकी यही क्वालिटी को देखते हुए आपके प्रति यही शुभ भावना रखते हैं कि आप इन्हीं क्वालिटीज़ के आधार पर आगे आओ।

इसलिए हम फील नहीं करते हैं लेकिन ज़रूर है कि आप इन्हीं क्वालिटीज़ जितना डेवलप करेंगे और अच्छा होगा आपके लिए, आपके भविष्य के लिए, तो उस व्यक्ति को अन्दर में इतना गदगद हो जाएगा कि देखो मैं अपनी कमज़ोरी के वश होता रहा लेकिन इस व्यक्ति ने मेरी जो पॉज़िटिव साइड है उसको देखा। उसका आपके प्रति और भी सम्मान बढ़ जाएगा, मान हो जाएगा, कि नहीं आप जो कहेंगे, जैसे कहेंगे अब मैं वैसे करूंगा। अब मैं अगर अपनी कमज़ोरी के वश होता हूँ उसी समय आप मुझे कह सकते हैं, मैं बुरा नहीं मानूंगा।

फिर वो सचमुच धीरे-धीरे परिवर्तित हो जाएगा। आपके संग में उसको भी कुछ अच्छे वायब्रेशन्स मिलेंगे, वो अपने आपको भी सशक्त ही महसूस करेगा। इसीलिए वो सदा ही आपके साथ रहना चाहेगा आपके सानिध्य में रहना चाहेगा, आपसे दूर नहीं जाना चाहेगा। तो इसीलिए आवश्यकता है कि रियलाइज़ेशन कराना है तो उसकी अच्छाइयों का रियलाइज़ेशन कराओ। किसी की कमज़ोरी का रियलाइज़ेशन कराके जंग नहीं जीतते हैं। लेकिन उसकी अच्छाइयों का रियलाइज़ेशन कराके ज़रूर एक जंग जीत जाएंगे।

**परमात्मा हमेशा हमें मुरलियों में कहते हैं कि जब कोई आत्मा महसूस कर रही है तो उस समय उसकी विशेषता का रियलाइज़ेशन दो। आपके अन्दर जो है ना ये बात बहुत अच्छी है। ये चीज़ें बहुत अच्छी हैं इसीलिए हम तो हमेशा आपकी यही क्वालिटी को देखते हुए आपके प्रति यही शुभ भावना रखते हैं कि आप इन्हीं क्वालिटीज़ के आधार पर आगे आओ।**



**राँची-झारखंड।** प्रवचनकर्ता गुरुमाँ मीरा के राँची अग्रसेन भवन आगमन पर ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए राजयोगिनी ब्र.कु. निर्मला दीदी। साथ है अखिल भारतीय महिला मारवाड़ी सम्मेलन की पूर्व अध्यक्षा नीरा बथवाल तथा अन्य।



**अयोध्या-उ.प्र.।** दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करने के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. सुधा, ब्रह्मर्षि महेश योगी, फलाहारी पवन दास, ब्र.कु. भानु,माउंट आबू तथा अन्य।



**केरेडारी-हज़ारीबाग(झारखंड)।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् समूह चित्र में राजयोगी ब्र.कु. भगवान,माउंट आबू, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सरिता, जेलर उदय बिहा, ब्र.कु. भीम, ब्र.कु. हरि, ब्र.कु. अमित, ब्र.कु. उपेन्द्र, ब्र.कु. राजेन्द्र तथा अन्य।



**हिसार-बरवाला(हरियाणा)।** दीपावली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दवाई फैक्ट्री के मालिक विनय चानना व उनके परिवार को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. इंदिरा व ब्र.कु. बलवान,माउंट आबू।